# बेमियादी हड़ताल पर गये मनरेगा कर्मी, कई योजनाएं हुईं प्रभावित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पांच हजार से अधिक मनरेगा कर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। सेवा स्थायीकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से राज्य में मनरेगा का कामकाज प्रभावित हो गया है। राज्य के रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, इंजीनियर, बीपीओ इत्यादि कर्मियों के हड़ताल से मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिचाई संवर्धन कूप, बिरसा हरित आम बागवानी, अबुआ आवास, वीर पोटो हो खेल मैदान सहित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होने की संभावना है। इस हड़ताल से लगभग 250000 मजदूरों का मजदूरी भुगतान भी प्रभावित होगा।




**वादा निभाओ, स्थाई करो कार्यक्रम में कोई नतीजा नहीं आने से लिया फैसला :** झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ अपने प्रस्तावित आंदोलन वादा निभाओ, स्थाई करो कार्यक्रम 18 जुलाई से 20 जुलाई तक चलाया। इस दौरान राजभवन के समक्ष प्रदर्शन, सांकेतिक हड़ताल भी किया। प्रदेश अध्यक्ष जॉन बागे ने कहा कि अब सब्र का बांध टूट गया है ऐसे में राज्यभर के मनरेगा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री संविदा संवाद कार्यक्रम में आकर मनरेगा कर्मियों की सेवा स्थाई करने का पत्रकारों के समक्ष खुले मंच से वादा किया गया था। प्रस्तावित हड़ताल की सूचना झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, प्रधान सचिव तथा मनरेगा अयुक्त को 20 दिन पूर्व में ही दे दी गई थी। इसके तहत दो जुलाई को मुख्यमंत्री मंत्री आवास घेराव, आठ जुलाई को झामुमो केंद्रीय कार्यालय का घेराव, 10 जुलाई को सभी जिला मुख्यालयों का घेराव किया गया था। इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं होने की वजह से वे लोग हड़ताल पर जा रहे हैं। हड़ताली मनरेगा कर्मियों ने राज्य भवन के समक्ष धरना भी दिया।

## दो वरिष्ठ अफसरों की लड़ाई में बलि चढ़े रामगढ़ के एसपी

कुबेर सिंह

**रांची।** रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसके संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गयी। वहीं, डीजीपी ने रामगढ़ टाउन प्रभारी अजय कुमार साहू को हटा दिया है। एसपी के साथ थानेदार का तबादला पुलिस मुख्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है झारखंड पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित दो सीनियर आईपीएस की लड़ाई में रामगढ़ एसपी को बलि चढ़ना पड़ा।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, रामगढ़ एसपी पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित सीनियर आईपीएस का चहेता था। पुलिस मुख्यालय में पदस्थापित दूसरे पुलिस अधिकारी के चहेते के रिश्तेदार की मौत हाजत में हो गयी थी। इस मामले में पदाधिकारी ने एसपी पर दबाब बनाना शुरू कर दिया। जब एसपी ने उन्हें नियम समझाया तो पदाधिकारी को नागवार गुजरा। उन्होंने अपने पहुंच और पावर के बल पर एसपी की शिकायत की और उन्हें रातों रात हटा दिया। एसपी को जैसे ही सूचना मिली कि उन्हें हटा दिया गया है, वे उक्त पदाधिकारी के पास जाकर गिड़गिड़ाया। तब, पूछा गया कि आखिर किन वजहों से उन्हें हटाया गया तो तब एसपी ने कहा कि टाउन थानेदार उक्त आईपीएस का चहेता है। तब क्या था, पुलिस अधिकारी ने थानेदार को भी वहां से हटा दिया गया। एक ही दिन में एसपी और टाउन थानेदार का हटना कई सवाल खड़ा कर रही है। गृह विभाग ने रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार को हटाने का अधिसूचना निकाला है तो डीजीपी ने थानेदार को हटाने का आदेश दिया है। फिलहाल अभी दोनों जगहों पर किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है।

**क्या है डीजीपी के आदेश में और मांगा स्पष्टीकरण :** झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिन्हा ने रामगढ़ के टाउन थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल पूरा मामला एएसआई राहुल कुमार के मौत और पूर्व में एक आइपीएस के चहेते के रिश्तेदार की हाजत में हुई मौत से जुड़ा मामला सामने आया है। राहुल कुमार सिंह उस मामले में अनुसंधानकर्ता था और बार- बार उस पर दबाब बनाया जा रहा था। राहुल कुमार सिंह पूर्व में रांची में तत्कालीन हटिया डीएसपी उदयन सिंह का बॉडीगार्ड था। बाद में उसे एएसआई के पद पर प्रमोशन मिला था और कई जिलों में पदस्थापन के बाद उसे रामगढ़ भेजा गया था। केस में दबाब मिलने के बाद उसने अपना स्थानांतरण ट्रैफिक में करवा लिया था।

## रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर आइटीआइ प्रशिक्षण अधिकारी धरना पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर सोमवार को राजभवन के समक्ष संपूर्ण झारखंड के आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी परीक्षा के अभ्यर्थी धरना पर बैठ गये है। धरना पर बैठे अभ्यर्थी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और झारखंड सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि जल्द से जल्द रिजल्ट प्रकाशित कर नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करें। ज्ञात हो कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी विज्ञापन संख्या 08/2023 एवं 09/2023 कि परीक्षा नवम्बर माह की अंतिम सप्ताह 27,28 एवं 29 नवम्बर 2023 में संपन्न हो चुकी है, लेकिन आज 9 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आयोग द्वारा अभ्यर्थी उत्तर कूंजी एवं रिजल्ट जारी नही किया गया है, जिसके वजह से हजारों अभ्यर्थी हताश, निराश एवं मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।




**अभ्यर्थियों कि मूल मांगे इस प्रकार है :-**

1. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी विज्ञापन का अभ्यर्थी उत्तर कुंजी जल्द से जल्द जारी करें।
2. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी विज्ञापन का रिजल्ट जल्द से जल्द घोषित करें।
3. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी विज्ञापन के रिक्त पद का 1.50 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए कॉमन मेरिट लिस्ट जारी किया जाए।
4. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी विज्ञापन का अनुभव प्रमाण पत्र कि जाँच प्रशिक्षण महानिदेशालय के अनुरूप किया जाए।

कई बार अभ्यर्थियों द्वारा आयोग एवं सरकार के प्रतिनिधियों से रिस्पॉन्स की एवं रिजल्ट की मांग को लेकर बात किया गया, लेकिन कुछ भी परिणाम नही मिला। अंततः ऑल झारखंड सीआईटीएस प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी संघ के सभी सदस्यों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण मांगों को लेकर राजभवन धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। धरना पर बैठनेवालों में संघ के महासचिव हिरालाल साहा, सचिव नील कमल भगत, उपाध्यक्ष भास्कर मोहंती, राजीव रंजन, गौतम कुमार मंडल, देव कुमार, जितेंद्र कुमार, नवीन भगत,सन्दीप कुमार, ललित कुमार सहित सैकड़ों अभ्यर्थी शामिल है।

## स्फटिक के शिवलिंग का रुद्राभिषेक

**रांची।** श्रवण माह प्रारंभ होते ही देवों के देव महादेव की विशेष पूजा के क्रम में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में स्थापित श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा अभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। ज्ञातव्य है कि श्री श्याम मंदिर में स्फटिक का शिवलिंग है। श्री शिव परिवार का प्रति दीन श्रृंगार करने वाले गोपाल खेतान (लड्डू बाबू) संदीप खेतान अमिताभ खेतान ने विशेष प्रातः कालीन श्रृंगार करके आरती की। संध्याकाल मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी अनीता शर्मा व परिजनों के साथ विशेष महारुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया ।

## पांच साइबर अपराधी को आज सुनायी जायेगी सजा

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले मनी लाउंड्रिंग मामले में दोषी करार पांच साइबर अभियुक्तों को पीएमएलए कोर्ट मंगलवार को सजा सुनायेगी। अदालत ने उक्त मामले में 20 जुलाई को अभियुक्त गणेश मंडल उसका बेटा प्रदीप कुमार मंडल, संतोष मंडल उसका बेटा पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल को दोषी करार दिया है। चारों पिता-पुत्रों को हिरासत में लेते हुये बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया था। जबकि अंकुश मंडल देवघर जेल में बंद है। उसको वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था।

## ममता भुइयां प्रदेश राजद उपाध्यक्ष, मदन पासवान महासचिव एवं धनंजय पासवान बने पलामू जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने ममता भुइयां को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पलामू जिला अध्यक्ष के लिए धनंजय पासवान को मनोनीत किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि ममता भुइयां पलामू लोकसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रहीं थीं। वहीं दूसरी ओर दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रहे धनंजय पासवान को पलामू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने मदन पासवान को प्रदेश सचिव से महासचिव पद पर प्रमोट किया है। श्री यादव ने कहा कि उक्त दोनों लोगों को प्रदेश कर्यालय प्रभारी संजय सिंह यादव ने मनोनयन का पत्र जारी कर दिया है। इधर ममता भुइयां, मदन पासवान और धनंजय पासवान के नियुक्ति पर पार्टी के तमाम नेताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## खबर एक नजर में

### पहली सोमवारी को रांची में झमाझम बारिश, 25 तक पूरे झारखंड में भारी बारिश के आसार, अलर्ट

**रांची।** सावन की पहली सोमवारी को राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश हुई। झारखंड में करीब सभी स्थानों पर सोमवार को बारिश हुई। पूवार्नुमान के मुताबिक 28 जुलाई तक बारिश के आसार हैं। कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया है कि 25 जुलाई तक भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है। वैज्ञानिकों ने खराब मौसम रहने पर सतर्क रहने की सलाह दी है। घर से बाहर रहने पर पेड़ के नीचे शरण नहीं लेने को कहा है। सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा गया है। बिजली के खंभों से भी दूर रहने की सलाह दी गयी है। किसान खेतों में नहीं जाएं. मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

**पिछले 24 घंटे में झारखंड में ऐसा रहा मौसम :** पिछले 24 घंटे में झारखंड में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मॉनसून की गतिविधि सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो में 50 मिलीमीटर हुई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस मौसम केंद्र रांची में रिकॉर्ड किया गया।

### रांची विश्वविद्यालय ने वोकेशनल शिक्षकों का बढ़ाया मानदेय, आदेश जारी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने वोकेशनल शिक्षकों का मानदेय बढ़ा दिया है। इसका आदेश जारी कर दिया गया। वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के पदधारियों ने कहा कि लंबे समय से वोकेशनल शिक्षकों को कम मानदेय के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों की इस परेशानी को समझते हुए मानदेय में बढ़ोतरी का निर्णय लिया। मानदेय में बढ़ोतरी का एसोसिएशन ने स्वागत किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय ने कहा कि यह निर्णय हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य है। लंबे समय से हम मानदेय में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है। इससे शिक्षकों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। वे अपने परिवारों का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर सकेंगे। एसोसिएशन ने प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों से भी आग्रह किया है कि वे अपने वोकेशनल शिक्षकों के मानदेय में सुधार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी सभी शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने की व्यवस्था अविलंब होनी चाहिए। शिक्षकों का सम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि वे पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। वहीं दूसरी ओर शिक्षकों का कहना है कि मानदेय में वृद्धि से ना केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। जब शिक्षक आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर पूरी तरह से अपने शिक्षण कार्य में समर्पित होंगे, तब छात्रों को भी इसका लाभ मिलेगा।

### समाज के लिए प्रेरणा बन गयी हैं सरिता पांडेय

**रांची।** कर्तव्य पथ के निरंतर पथिक स्पष्ट और पारदर्शी प्रतिबद्धता से परिवर्तन के प्रेरक बनते हैं। सशक्त समाज बनाने की कठिन पगडंडियों में शूलों को फूल की भांति महसूस करना और अपने लक्ष्य को हासिल करना ही समाज सुधारकों की पहचान होती है। एक ऐसा ही नाम झारखंड की सरिता पांडेय का है। जिनमें जुनून है कुछ कर गुजरने का और जज्बात की लौ है समाज को बदलने की। भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष सरिता पांडेय ने अपनी निरंतर सामाजिक गतिविधियों से सबका ध्यान खींचा है। बात चाहे सामुदायिक विकास की हो, बात आपदा में सेवा भाव की हो या फिर बाल कल्याण और कानूनी जागरूकता की होए हर क्षेत्र में सेवा भाव को लेकर उनकी उपलब्धता देखी जाती है। आपको जानकार हैरानी होगी कि वह एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव हैं जो रांची झारखंड की हैं। एक कंपनी सचिव के रूप में इनकी भूमिका या काम केवल इन तक ही सीमित नहीं है बल्कि अन्य को उद्यमी बनाने में भी मदद करना है। जैसे उद्यम पंजीकरण फाइल करना, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, उन्हें बैंकों द्वारा स्वीकृत सब्सिडी वाले ऋण के लिए आवेदन करने में मदद करना, उचित अनुपालन द्वारा नये उद्यमियों के लिए मदद करना भी है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार एमएसएमई की योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और नये उद्यमियों को उचित प्रशिक्षण और मंच दे रही हैं। उनका दृष्टिकोण और मिशन केवल अन्य को सफल उद्यमी बनाना है और एमएसएमई इसमें एक रीढ़ की हड्डी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या मामले में दोषी करार, फैसला 29 को

**रांची।** आपसी रंजिश में पांच वर्षीय मासूम को हवस का शिकार बनाने के बाद उसकी हत्या करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त सुनील मछुआ को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 29 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। जघन्य घटना को अंजाम 22 जनवरी 2020 को दी गई थी। घटना को लेकर बुंडू के महिला एवं बाल संरक्षण थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बुंडू थाना क्षेत्र के पावर हॉउस कॉलोनी निवासी सुनील पर आरोप है कि बच्ची के माता-पिता और उसके पड़ोसी सुनील मछुआ से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसका बदला लेने के लिये अपने घरवालों से झगड़ा कर धारदार हथियार लेकर घर से निकला। बच्ची के माता-पिता को मारने के लिये रात 10 बजे उसके घर पहुंचा। सोते बच्ची को छोड़ उसके माता-पिता पड़ोसी से मदद मांगने गये। उसी का फायदा उठाकर अभियुक्त ने मासूम बच्ची को अपने साथ कुछ दूर ले जाकर दुष्कर्म किया और उसको कुआं में फेंक दिया था। घटना के बाद अभियुक्त को ग्रामीणों ने पकड़ा था। मालूम हो कि इसी घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची टाटा मार्ग को जाम किया और हत्यारा को फांसी की सजा देने और मृतक मासूम के परिजन को को मुआवजा के साथ सुरक्षा देने की मांग की गई थी।

### देवनिका हॉस्पिटल में बर्न इंटेंसिव केयर यूनिट एंड इंडस्ट्रियल यूनिट के ओपीडी का भव्य उद्घाटन

**रांची।** पवित्र सावन के पहले सोमवार के अवसर पर, देवानिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की अल्ट्रा आधुनिक बर्न यूनिट का उद्घाटन उद्योग और श्रम मंत्री, सत्यानंद भोक्ता द्वारा किया गया। मंत्री जी ने चेयरमैन डॉ अनंत सिन्हा के साथ अस्पताल का विस्तृत दौरा किया। उन्होंने विशेष रूप से कार्डियोलॉजी (कैथ लैब और कार्डियक ऑपरेशन थिएटर), न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और प्लास्टिक, रिकंस्ट्रक्टिव एवं बर्न केयर में सभी माइनर विवरण सामने लाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्हें एक ही छत के नीचे न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, ओफ्थल्मोलॉजी, ईएनटी और डेंटल चिकित्सा सेवाओं से युक्त पूर्वी भारत की पहली कैनियो फेशियल यूनिट को देखकर काफी खुश हुए। साथ ही अत्याधुनिक 15 बेड़ वाली बर्न यूनिट से बहुत प्रभावित हुए और कहा कि इसका प्रबंधन प्लास्टिक सर्जनों की एक टीम द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष डॉ. अनंत सिन्हा ने जोर देकर कहा कि देवानिका एकमात्र अस्पताल है जो सभी प्रकार के ट्रामा को पूरा कर सकता है, ऑर्थो, न्यूरो, गैस्ट्री के अलावा इसमें बर्न और प्लास्टिक सर्जरी भी है।

## सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के सरपरस्त मो. सईद की पत्नि का निधन

**रांची।** सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के सरपरस्त मो सईद की पत्नी का सोमवार को निधन हो गया। रातू रोड कब्रिस्तान में दिन के दस बजे जनाजा सुपुर्दे खाक किया जायेगा। एदारा ए शरीया ने सभी से जनाजे मे शामिल होने की अपील की है।

## भाजपा दफ्तरं केंद्रीय बजट पर चर्चा आज

**रांची।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट कल 23जुलाई को संसद में पेश होगा। इस अवसर पर भाजपा मुख्यालय के सभागार में सामूहिक रूप से बजट भाषण को सुना जायेगा। बाद में विशेषज्ञों द्वारा इस पर प्रतिक्रिया दी जायेगी।पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी शामिल होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सीपी सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा ने दी।

## राजभाषा नियमों का शत-प्रतिशत पालन हो : कुमार संजय

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 27वीं बैठक का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) केंद्रीय कार्यालय, रांची की छमाही बैठक सोमवार को होटल रेडिशन ब्लू में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त, रांची कुमार संजय ने की।

समिति के सदस्य कार्यालयों में लगभग 120 सदस्य शामिल हुए। इसमें कार्यालय प्रमुख, विभागाध्यक्ष, हिन्दी अधिकारी एवं सहायक शामिल हुए।

बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ-साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा भी की।

अध्यक्षीय संबोधन में कुमार संजय ने कहा कि केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिन्दी का अधिक-से-अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीति, नियम एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजभाषा अधिकारियों पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का बड़ा दायित्व होता है।

श्री कुमार ने कहा कि हिन्दी बैठकों/कायार्शालाओं का आयोजन प्रत्येक तिमाही के प्रारंभ में ही कर लेना अच्छा होता है। नराकास के माध्यम से झारखंड में स्थित केंद्रीय कार्यालय अपने विभाग की उपलब्धियों बता सकते हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए आयकर देने और इसके बारे में लोगों को प्रेरित करने के लिए ककहरा के माध्यम से रोचक जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में आमंत्रित सहायक निदेश (कार्यान्वयन) राजभाषा कोलकाता निर्मल कुमार दूबे ने भी राजभाषा नियम पांच और धारा 3 (3) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## स्वास्तिक ईएनटी हॉस्पिटल में मुफ्त चिकित्सा शिविर कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के इटकी रोड हेहल स्थित स्वास्तिक ईएनटी सेंटर एंड हॉस्पिटल में 24 जुलाई को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नाक कान गले की बीमारी का निशुल्क इलाज किया जाएगा। शिविर का समय दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। इस शिविर में गोल्ड मेडलिस्ट और ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर अभिषेक श्रीवास्तव मरीजों की नाक कान गले की बीमारी की जांच करेंगे।



डॉक्टर अभिषेक श्रीवास्तव को चिकित्सा क्षेत्र में 18 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। जो मरीज इस शिविर में शामिल होना चाहते हैं वह 94701 40776 या 94301 43616 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, में शिक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**रांची।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 परिवर्तनकारी सुधार की आधारशिला है। यह शिक्षा नीति अनुभवों और जीवन के वास्तविक प्रयोगों से जुड़ी है। उक्त बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में एन.ई.पी की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित शिक्षा सप्ताह में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति नवाचारों और हित धारकों के सहयोग पर आधारित है।

## भारतीय किसान संघ ने बनायी आगामी कार्यक्रमों की रणनीति

### भारतीय किसान संघ ने बनायी आगामी कार्यक्रमों की रणनीति



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय किसान संघ प्रांत की बैठक में प्रांत के विभिन्न जिलों से जिलाध्यक्ष जिला मंत्री एवं कोषाध्यक्षों के साथ प्रांत के सारे पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन में विकास भारती के सभागार में हुआ। इस बैठक में सभी जिलों का जिला सम्मेलन और एवं 28, 29 सितंबर को प्रांत अधिवेशन होना निश्चित हुआ। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह प्रदेश संगठन मंत्री अचल जी, प्रकाश सिंह, धीरेंद्र अग्रवाल, दीपक उरांव एवं झारखंड के विभिन्न जिले चतरा, लातेहार, हजारीबाग, देवघर, रांची से आये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए, जहां अगले 6 महीने की रणनीति पर चर्चा की। झारखंड में किसानों के हित में काम करनेवाला एक मात्र संगठन है। झारखंड में कम वर्षा होने के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति में समस्याओं पर चर्चा की गयी।

## महानगर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महानगर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को अध्यक्ष नीतु देवी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड पर्यवेक्षक पुजा आनंद उपस्थित थीं। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव-2024 की तैयारी एवं 29 जुलाई को दिल्ली में महंगाई, महिला अत्याचार को लेकर आयोजित धरना पर विशेष रूप से विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई गई। महानगर कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष नीतु देवी ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव का समय सामने है। अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को पूरी निष्ठा के साथ निर्व? करें ताकि चुनाव के समय पार्टी संगठन और प्रत्याशी को मदद पहुंचा सकें। उन्होंने महानगर महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को पूरी सक्रियता काम में जुट जाने का निर्देश दिया है। साथ ही 29 जुलाई को दिल्ली में महंगाई, महिला अत्याचार को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह भी किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड पर्यवेक्षक पुजा आनंद ने कहा कि महिला कांग्रेस के संगठन को पंचायत, वार्ड और बूथ स्तर तक सशक्त करना है और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करना है। साथ ही 29 जुलाई 2024 को महिला आरक्षण, महिला अत्याचार एवं महंगाई के खिलाफ आयोजित धरना प्रदर्शन में रांची से भागीदारी जोरदार करना है। बैठक में हीरा मिंज, इन्द्रानी तिर्की, स्मृति नाग तिर्की, अंजलि अंजना, अखतरी रहमान, सरिता देवी, रश्मा गुलशन, मीना मुंडा, अनिता ओडिया, गीता कच्छप, शीला उरांव आदि शामिल थी।



## पहाड़ी बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार



# हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा पहाड़ी मंदिर, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

- लगभग दो लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया
- प्रातः 3 बजे सरकारी पूजा उपरांत भक्तो के लिए पट खोला गया
- 72 वर्षो के बाद ऐसा संयोग हुआ सावन माह का शुरूआत और समापन सोमवार से होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को हर हर महादेव के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज उठा। रात्रि 1 बजे से ही भक्त पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक के लिए कतारवध दिखे, प्रातः 3 बजे पूरे सनातनी विधि-विधान से , रुद्रा अभिषेक कर उपायुक्त राहुल सिन्हा , सदर अनुमंडल प्राधिकारी उत्कर्ष कुमार , राँची पहाड़ी विकाश समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय , पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी , प्रवक्ता बादल सिंह , जेएमएम प्रवक्ता बबलू पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा किया गया। पूजा उपरांत अरघा लगा कर सभी भक्तो के लिए पट खोला गया। लगभग 2 लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया। बोलबम के जयकारों से पहाड़ी मंदिर गूंज रहा था। दोपहर में व शाम में श्रृंगार आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद थे। जिला प्रशासन एवं राँची पहाड़ी मंदिर विकाश समिति के सदस्य , स्वयं सेवी संस्था के लोग प्रवेश द्वार से निकाश द्वार तक मौजूद रहे एवं सभी भक्तो के सुरक्षा एवं बेहतर सुविधा के लिए तत्पर रहे। सभी भक्तो के लिए ऊपर मंदिर में लोटा और जल का व्यवस्था किया गया एवं शुद्ध पेयजल मुहैया कराया गया।

कार्यक्रम को सफल आयोजन में मुख्यरूप से राँची पहाड़ी विकाश समिति के अध्यक्ष एन एन पांडेय , पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी , सचिव राकेश सिन्हा , विनोद कुमार , राजेश साहू , बादल सिंह , राजेन्द्र सिंह , अजय सिंह , अमन सिंह , शेरू , अंकित कुमार , प्रदीप , दिलीप , नीलेश , समीक्षा शर्मा , जय सोनी , संजना शर्मा , पुजारी पिंटू बाबा , मनोज मिश्रा एवं मंदिर स्टॉफ का अहम योगदान रहा । 70 से 80 पहान लोग रात्रि से ही अपनी सेवा दिये।



### आधी रात के बाद से ही आने लगे थे भक्त

बाबा को जलाभिषेक करने के लिए भक्त आधी रात के बाद से ही चुटिया स्थित स्वर्णरेखा नदी तट से जल लेकर आने लगे थे। रविवार की शाम से अलबर्ट एक्का चौक का नजारा बदला-बदला सा दिखा। यहां शिव भक्तों की सेवा में कई स्वागत शिविर लगाये गये थे। वहीं रात में अंगराबाड़ी जाने के लिए भी भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। अलबर्ट एक्का चौक के अलावा चुटिया सहित अन्य जगहों पर भी सेवा शिविर लगाया गया था।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर में लगी शिव भक्तों की भीड़





**रांची।** चुटिया स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर मे सावन की पहली सोमवारी पर शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रात 4 बजे भक्तों के लिए पट खोल दिया गया था। भारी संख्या में श्रद्धालु भोले नाथ की दर्शन के लिए मंदिर पहुंच जलाभिषेक कर रहें थे। लगभग पच्चीस हजार से भी ज्यादा भक्तों ने बाबा पर बेलपत्र, धतूरा,अक्वन का माला , इत्यादि के साथ जलाभिषेक कर दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। संध्या में बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर महाआरती की गयी। महाआरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय कुमार, आलोक कुमार( बंटी ),कृष्णा साहू, नंदु ठाकुर, रितिक राज ,विक्रम साहू, रंजीत राम, धनंजय सिंह, शत्रु नायक, राहुल, सौरभ, नरेंद्र कुमार, दशरथ सिंह, रतन लाल, पंडित सच्चिदानंद पांडेय, सहित युवा मोर्चा के सैकड़ों सदस्यों ने योगदान दिया।



## पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या महाआरती

**रांची।** श्रावण मास की पहली सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की नवदुर्गा के स्वरूप डैजल डांस एकेडमी के कन्याओं एवं पहाड़ी बाबा के भक्तों के द्वारा सैकड़ों दियों से भव्य संध्या महाआरती की गई। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गुंजानमैय हो गया। पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर भव्य संध्या महाआरती के आयोजक नन्द किशोर सिंह चंदेल ने बताया कि महाआरती के बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही पहाड़ी बाबा से प्रार्थना किए कि पूरे भारत में सुख शांति और समृद्धि व्याप्त हो। इस मौके पर जय सिंह यादव , उज्जवल कुमार सिन्हा ,रिकी यादव, गीत देवी,सरजू राय,अमूल्य कुमार पिंटू, दीपक ओझा, विनय कुमार,बंटी यादव, श्याम किशोर सिंह,नीतू सिंह, बबिता सिंह, मधु सिंह,पवन मिश्रा,टीना शाहदेव, ज्योति जी, गीता देवी, सबिता देवी, उषा शर्मा, संध्या देवी,लखन कुमार, शशि कुमार, अमन ठाकुर, मोनू शर्मा,धर्मेंद्र पाठक, शशि कौशिक, अंशु सिंह,बंटी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## वेद प्रकाश पर गोली चलाने वाला यूपी का शूटर गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह पर हुए जानलेवा हमले मामले में रांची पुलिस को सफलता मिली है। एसआईटी ने इस घटना में शामिल उत्तर प्रदेश के शूटर राहुल जायसवाल उर्फ पुतुल को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि हत्या के एवज में शूटर को 70 हजार में सौदा तय हुआ था। हालांकि, इस मामले में शामिल अन्य की धर पकड़ के लिए पुलिस प्रयासरत है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी हो जायेगी।

इससे पहले भी पुलिस तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने अपराधियों को अलग-अलग जगहों से पकड़ा है। गिरफ्तार लोगों में शूटर सत्यम पाठक, साजिशकर्ता धीरज मिश्रा और रेकी करने वाला एक व्यक्ति शामिल है।

गौरतलब हो कि तीन वर्ष पूर्व सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान मास्टरमाइंड धीरज मिश्रा को वेद प्रकाश सिंह समेत अन्य लोगों ने मारपीट की थी। इसके अलावा धीरज की स्कार्पियो गाड़ी में भी तोड़फोड़ किया गया था। वेद प्रकाश के पैर पर स्कार्पियो का चक्का चढ़ गया था। जिसके बाद मामला पूरी तरह से बिगड़ गया था। गिरफ्तार धीरज ने तीन वर्ष बाद मारने की योजना बनाई और सत्यम पाठक के साथ मिलकर हत्या की योजना बना डाला। इस मामले में सत्यम पाठक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सैनिक मार्केट की एक और दुकान खाली करने के आदेश पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने सैनिक मार्केट की एक और दुकान खाली कराने के रांची जिला प्रशासन के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक कहा कि अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। जब अदालत ने ऐसे ही एक मामले में पूर्व में आदेश पारित करते हुए कहा कि जिनकी अपील सुनवाई के लिए लंबित है, उनकी दुकानें खाली नहीं कराई जाए। उसके बाद भी ऐसा क्यों किया जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी की वजह से हर किसी को हाईकोर्ट आना पड़ रहा है। अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब करते हुए अगली सुनवाई आठ अगस्त को निर्धारित की है। इस संबंध में पूर्व सैनिक आरएन सिंह सहित छह अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता पूर्व सैनिक हैं। उनको सैनिक मार्केट में दुकान आवंटित की गई थी। बकाया दिखाकर उन्हें दुकान खाली करने का आदेश पारित किया गया।

## थम नहीं रहा शहर में देह व्यापार का धंधा, छह लड़कियां समेत दस धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी की पुलिस शहर से अनैतिक देह व्यापार के हर रैकेट के खात्मे के लिए काम कर रही है। इसी कड़ी में इस बार रांची पुलिस ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में रेड कर सेक्स रैकेट में शामिल छह लड़कियों सहित 10 को हिरासत में ले लिया।

**अर्बन रिट्रीट में रेड :** एससपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी केवी रमन ने अपनी टीम के साथ लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली स्थित अर्बन रिट्रीट नाम के गेस्ट हाउस में रेड कर सेक्स रैकेट में शामिल छह लड़कियां और चार पुरुषों को हिरासत में लिया। हिरासत में ली गई अधिकांश लड़कियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। होटल संचालकों की मदद से उन्हें होटल में ही रख कर वहीं पर ग्राहक बुला कर देह व्यापार करवाया जा रहा था।

**रात भर पुलिस ने की रेकी :** गेस्ट हाउस में रेड करने के लिए पुलिस की टीम देर रात तक रेकी करती रही। इस दौरान गेस्ट हाउस में लगातार लड़कियों का आना जाना लगा हुआ था, ग्राहक भी आ जा रहे थे। पुख्ता सूचना के बाद सिटी डीएसपी ने रेड किया और मौके से ही सभी लडकियां पकड़ी गईं।

**दो महीने के अंदर 60 भेजे गये जेल**

राजधानी रांची में अनैतिक देह व्यापार के गोरखधंधे में शामिल लोगों के खिलाफ रांची पुलिस के द्वारा जोरदार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई का नतीजा ही है कि दो महीने के भीतर 60 से ज्यादा महिला और पुरुषों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार कई लड़कियां बाहर के देशों की रहने वाली भी थीं।

## छवि रंजन समेत नौ की बढ़ी 14 दिन हिरासत अवधि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर उस अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में जेल में बंद आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि 14 दिनों तक बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपियों को पीएमएलए कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। मामले में आरोप तय होने के बाद पहली पेशी थी। अगली पेशी की तारीख पांच अगस्त निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी रिम्स का कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

## खबर एक नजर में

### पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सेवा शिविर का आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के सदस्यों द्वारा पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सेवा शिविर का अयोजन किया गया। संस्था के द्वारा 151/ केजी दूध बेलपत्र पुष्प का वितरण किया गया। सावन माह के प्रत्येक सोमवार राष्ट्रीय सनातन युवा मंच सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालु को नि:शुल्क सेवा प्रदान करेगी। इस कार्य को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था के सक्रिय सदस्य करन कर्मकार, जितेंद्र यादव ,पंकज वर्मा ,रानी मुस्कान ,निशांत पांडे , रूबी जायसवाल, साकेत सिंह, शुभम मोदी ,अक्षय कुमार मिश्रा, सुम्मी वर्मा, सौरव कुमार ,राजू चौधरी, प्रताप कर्मकार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बरियातू में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम के द्वारा लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को को रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम, जिला प्रशासन तथा ट्रैफिक पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। जिसके तहत बरियातू पेट्रोल पंप से रिम्स चौक होते हुए हिल व्यू चौक तक अभियान चलाया गया।

इस दौरान नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा तथा सब्जी विक्रेताओं, दुकानों द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण कर सामान रखने पर सामान जब्त किया गया। साथ ही अवैध और अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया। इस अभियान के दौरान दो टेबल, दो काउंटर, एक गुमटी, एक दर्जन प्लास्टिक के कैरट जब्त किया गया। इसके अलावा गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने पर कुल 5500 रुपये का फाइन भी काटा गया। इस अभियान के उपरांत निगम की टीम द्वारा उक्त वेंडर्स को भविष्य में सड़कों पर फिर से अतिक्रमण ना करने के लिए निर्देशित किया गया।

### एचइसी कर्मियों की लंबित मांगों पर आज त्रिपक्षीय वार्ता

**रांची।** एचईसी कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को 11 बजे सं नेपाल हाउस स्थित श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता होगी। वार्ता में एचईसी के लंबित मुद्दे एवं आठ सूत्री मांग पत्र पर निर्णायक चर्चा की जायेगी। वार्ता में उद्योग सचिव, एचईसी सीएमडी एवं राजद तथा यूनियन प्रतिनिधि शामिल होंगे। वार्ता की अध्यक्षता श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे। वार्ता के दौरान राजद की ओर से 10 एवं एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति (यूनियन) की ओर 10 लोग मौजूद रहेंगे।

### आज से रेलवे ब्लॉक के कारण प्रभावित रहेंगी चार ट्रेन

**रांची।** रांची रेलमंडल अंतर्गत विकास कार्य होगा। इसको लेकर ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से मंगलवार से रांची रेलमंडल होकर चलने वाली चार ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें हटिया-वर्द्धमान-हटिया मेमू एक्सप्रेस 23, 25 और 29 जुलाई, हटिया-खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस 23, 25 और 29 को रद्द रहेगी। इसके अलावा हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 25 व 29 को रद्द रहेगी। वहीं, धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन 25 और 29 जुलाई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 30 मिनट विलंब से धनबाद से रवाना होगी।

**आज भी रवाना होगी रांची-भागलपुर स्पेशल ट्रेन**

रांची। मंगलवार को भी रांची-भागपलुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। यह ट्रेन रांची से रात 10.35 बजे रवाना होगी और दूसरे दिन सुबह 8.40 बजे भागलपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 22 कोच होगा।

## जेसोवा ने स्वास्थ्य के प्रति लोगों को किया जागरूक

**रांची।** जेसोवा (झारखंड आईएएस ऑफि सर्स वाइव्स एसोसिएशन) ने नीलादरी भवन, जगन्नाथपुर मौसीबारी की बस्ती के बच्चों के लिये बाल स्वास्थ्य अभियान का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों और उनके अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कराया गया । डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों की जाँच की और जेसोवा की तरफ से मुफ़्त दवाइयों का वितरण किया गया । जेसोवा की अध्यक्ष लाल रिंकिमी खियांग्ते ने बच्चों को बाहर का और बासी खाना ना खानें की सलाह दी । अपने चारों तरफ साफ-सफाई रखने का आग्रह किया ।बच्चे देश का भविष्य हैं ।वे जब स्वास्थ्य रहेंगे तभी आगे चल कर देश की प्रगति में योगदान दे पायेंगे।

# सहायक पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर छह विधायकों ने सुनी मांगें, पांच बिंदू पर बनी सहमति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मियों का बीते दो जुलाई से चल रहे आंदोलन के दौरान सोमवार को सर्किट हाऊस में छह विधायकों ने सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनकी मांगों को सुना। जिन विधायकों ने सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, उसमें मथुरा प्रसाद महतो, नमन विक्सल कोंगाड़ी,राजेश कश्यप,सुदिव्य कुमार सोनू,विनोद सिंह और सुखराम उरांव शामिल थे। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को सीएम आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया था। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिला गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व प/िमी सिंहभूम, दुमका व गिरिडीह के लिए हुआ था।

एक साल का अनुबंध बढ़ाने और पुलिस बहाली में आरक्षण देने की कही गई बात

19 जुलाई को सहायक पुलिसकर्मियों और सरकार के बीच वार्ता हुई थी। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया था कि सहायक पुलिसकर्मियों का अनुबंध एक साल बढ़ाने और पुलिस बहाली में आरक्षण देने पर सहमति बन गई है। एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया गया है कि नौ अगस्त से समाप्त हो रहा उनका अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। उनके वेतन भत्ते में 25% की बढ़ोतरी की जा रही है। इसके अलावा झारखंड पुलिस में होने वाली बहाली में उन्हें आरक्षण दस प्रतिशत दिया जाएगा। सरकार से वार्ता के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल वापस मोरहाबादी मैदान चला गया था। फिर उसके बाद ही सीएम आवास घेराव करने निकला था।

इधर, मोरहाबादी मैदान में अपनी मांगों को लेकर जमे सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन खत्म हो सकता है। बैठक में पांच मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनी है। इनमें मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोतरी पर सहमति, एक साल का अवधि विस्तार,होमगार्ड और वन आरक्षी की बहाली में पर रिजर्वेशन, सिपाही के तर्ज पर छुट्टी और सिपाही की तरह सालाना चार हजार रुपये भत्ता मिलने की बात कही गयी है।

स्पीड न्यूज

## रातू : कमड़े आश्रम से बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। इससे आम नागरिक भयभीत हैं। अपराधियों ने राजधानी रांची के रातू रोड लोअर शिवपुरी निवासी संजय ठाकुर की कमड़े आश्रम के समीप खड़ी सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 01 इके 2256 को निशाना बनाया और उसकी चोरी कर ली। घटना 8 जुलाई दोपहर करीब 12 बजे की है। खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। हालांकि, भुक्तभोगी की ओर से इसकी लिखित शिकायत थाने में की गयी थी। किंतु, अब तक प्राथमिकी दर्ज होने की कोई सूचना नहीं है। श्री ठाकुर पलामू जिले के पाटन नवांजयपुर महुलिया के रहने वाले मुंशी ठाकुर के पुत्र हैं। जानकारी के मुताबिक, संजय ठाकुर का कमड़े आश्रम के पास दुकान है। घटना के दिन वह यहां पहुंचे। गाड़ी खड़ी कर दुकान खोली। इसके बाद नजदीक के होटल में नाश्ता करने गये। इस दौरान अपराधकर्मी बाइक लेकर रफू-चक्कर हो गये। लौटने पर मोटर साइकिल गायब थी। यह देख उनके होश उड़ गये।

## साप्ताहिक हाट से मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बुढ़मू।** सोमवार को ठाकुरगांव साप्ताहिक हाट में एक मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक राजा चौरसिया बाजार में सब्जी खरीद रहे थे इसी बीच उक्त चोर ने उनके पॉकेट से मोबाइल निकाल लिया। मोबाइल निकालते ही राजा को एहसास हो गया और उन्होंने चोर को रंगेहाथ पकड़ लिया। बाजार में उपस्थित ग्रामीणों ने चोर की जमकर धुलाई करते हुए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मैक्लुस्कीगंज में हॉस्टल संचालक को मोबाइल से दी धमकी

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों का हौसला बुलंद कर पठनपाठन करवा रहे हॉस्टल संचालक को धमकी भरे फोन आया। धमकी भरे कॉल उग्रवादियों के नाम पर हॉस्टल संचालक व्यक्तियों को लगातार दूसरा दूसरा मोबाइल नबर से आ रहा है। बताया जा रहा है कि अपराधी प्रति हॉस्टल संचालक से 30 हजार रुपये की मांग कर रहा है। फिलहाल मैक्लुस्कीगंज थाना में इस तरह का कोई मामला दर्ज नही किया गया है।

## नवागढ़ की युवती तीन दिन से लापता



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के नवागढ़ पंचायत अंतर्गत मड़ई टोली गांव सेयुवती चिंता कुमारी (21) पिता स्व शंभूवा बेदिया विगत 20 जुलाई की दोपहर तीन बजे से ही अपने घर से लापता है। इस संबंध में युवती के बड़े भाई राजेंद्र बेदिया ने सोमवार को सिकिदिरी थाने में मामला दर्ज कराते हुए अपनी बहन को खोज निकालने की पुलिस से गुहार लगाई है। युवती के भाई ने बताया कि चिंता कुमारी बचपन से ही गूंगी-बहरी है।

## सीटू ने रोजगार की मांग का किया समर्थन

**खलारी।** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन( सीटू) ने बरवाटॉड के ग्रामीणों के द्वारा प्राईवेट कम्पनी में रोजगार की माँग को लेकर चूरी परियोजना का कार्य बन्द कराने का निर्णय को समर्थन दिया। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) ने ग्रमीण लोगों के साथ मिल कर चूरी परियोजना के खदान के काम को बन्द कराएगी।

NOTICE
DISTRICT - NORTH 24 PARGANAS
In the Court of the Learned Additional Session Judge (FT1) Court at Barrackpore
Ref: MAT 2671/2023
Ritu Kaur ......Petitioner / Wife
-Versus-
Siddhartha Bansal ......Respondent/Husband
Whereas Ritu Kaur, D/O- Sri Sarjit Singh, residing at 11/2 Amar Nath Roy Lane, Shyamnagar, PO-Shyamnagar, P.S-Jagatdal, Dist-North 24 Parganas WB-743127, has filed a MAT Suit Vide no-2671/2023, U/S 27 of Special Marriage Act, 1954 for decree of divorce against you which suit is pending before this Learned court at Barrackpore, W.B. after knowing this notice you (Siddhartha Bansal, S/O- Sri Uttam Paul Bansal residing at DEO, Public School, Chopra, Vill. bastacolia, Bera, Dhanbad, Jharkhand-828106 are hereby directed to appear within 30 days, before this court personally or through a duly authorized counsel to show cause why the relief claimed by the petitioner against you should not be granted, failing which the court shall proceed as per law against you.
By Order
Bench Clerk
Additional Session Judge (FT1) Court at Barrackpore, District - North 24 Parganas

# श्रावण माह में बरसती है शिव की विशेष कृपा

## ओरमांझी में पहली सोमवारी को निकली कांवड़ कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** महाकालेश्वर धाम गगारी पहाड़ ओरमांझी स्थित भगवाान भोलेनाथ की पहली सोमवारी को जलाभिषेक को लेकर कांवड़ कलश यात्रा निकाली गई। पूर्व सांसद रामटहल चैधरी व श्रावणी मेला महाकालेष्वर धाम समिति के अध्यक्ष सोनाराम मुंडा के नेतृत्व में निकली कांवड़ कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। डोमानदी जलाशय से कलश में जलभर कर बोल-बम व हर हर महादेव के जयघोष के साथ निकली कांवड़ कलष यात्रा एनएच-20 पथ से थाना चैक से शंकर चैक होते हुए महाकालेश्वर धाम गगारी पहाड़ उलातु पहुंची। जहां जलाभिषेक से पूर्व महाकालेश्वर धाम के प्रवेश मार्ग पर पूर्वमंत्री सह विधायक सीपी सिंह द्वारा नारियल फोड़ व फिता काट कर एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेला जलाभिषेक का उद्घाटन किया। कहा श्रावण माह में जलाभिषेक करने से भगवान षिव की विषेष कृपा होती हैं। वहीं रामटहल चैधरी ने कहा पूरे एक माह तक होने वाली भगवान शिव की जलाभिषेक पूजा को लेकर क्षेत्र के षिवभक्तों मे विषेष उत्साह व भक्ति का वातावरण है। बाद में कांवड़ कलष यात्रा में शामिल भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया। इसके अलावे पहली सोमवारी को भगवान शिव को जलाभिषेक करने को प्रखंड क्षेत्र के सभी षिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, भाजपा प्रदेष उपाध्यक्ष आरती कुजूर, रणधीर चौधरी, अमरनाथ चैधरी, मानकी राजेंद्र शाही, नीतीष कुमार, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंस सदस्य ललिता देवी, दिलीप मेहता, रजकिषोर साहू, सत्यनारायण तिवारी, हरिषचंद्र महतो, अरविंद कुमार बबलू, शशि मेहता, विक्रांत तिवारी, अलखनाथ महतो, दुर्गाशंकर साहू, सुरेश मेहता संतोष कुशवाहा, छेदी महतो, राजू मुंडा, अजय मुंडा, मनोज मुंडा, माधवी देवी, किरन देवी सहित अन्य महिला भक्तगण शाामिल थे।



ओरमांझी में निकली कांवड़ कलश यात्रा में शामिल भक्तगण।

## इटकी के शिवालयों में उमड़े शिवभक्ता



**इटकी।** सावन माह की प्रथम सोमवारी पर इटकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में प्रातः से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इटकी के मुख्य शिवालय, केसरी नया तालाब स्थित महाकाल शिव मंदिर, हरही स्थित गंगाजल व नारी स्थित महादेव टंगरा सहित अन्य मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी।

## श्रावण सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**रातू।** सनातन धर्मावलंबियों के लिये सोमवार से पवित्र श्रावण माह की शुरूआत हो गयी है। पहली सोमवारी को लेकर भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिये विभिन्न शिवालयों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत सजावट भी की गयी है। मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिला, युवती और बच्चों में जलार्पण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। क्षेत्र के महादेव टंगरा, पावर हाउस, काठीटांड़, आमटांड़, झखराटांड़, पाली, ललित ग्राम व टेंडर आदि गांवों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान हर-हर महादेव की जयकारे से माहौल गुंज उठा। संयोग यह है श्रावण की शुरूआत सोमवार से हुई और पांचवें सोमवार को इसका समापन भी होगा। इधर शिव चर्चा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।

## बोल बम के नारे से गूंजा महादानी मंदिर



**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर समेत प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में सावन के पहले दिन भक्तों का जनसैलाब भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ उ बोल बम, तारक बम, बोल बम, तारक बम, हर हर महादेव जैसे जयघोष से पूरा प्रखंड शिव की भक्ति में डूब गया। सावन के पहले दिन पहला सोमवारी होने से बेड़ो के महादानी मंदिर में रविवार की रात्रि से ही पहुंचे श्रद्धालु सोमवार रात्रि 1:00 बजे महादानी बाबा का पूजा अर्चना किए। इसके अलावा खुखरा स्थित मुड़हर पहाड़ में भी भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

# मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से काम ठप

## सेवा शर्त्त नियमावली में सुधार व वेतनमान निर्धारित की मांग

- कार्यालय में पसरा है सन्नाटा
- प्रखंड में हैं 21 मनरेगाकर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर स्थायीकरण का वादा निभाओ, सत्याग्रह कार्यक्रम को लेकर मनरेगा कर्मी 18 से 20 जुलाई तक सांकेतिक हड़ताल में रहे। इस बीच सरकार की ओर से सेवा शर्त नियमावली में सुधार नहीं किया गया न ही वेतनमान निर्धारित की गयी। इसके बाद घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे की अगुआई में 15 जुलाई को इस आशय पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को दिया गया था। इनके हड़ताल में जाने से मनरेगा कार्यालय वीरान पड़ा है। योजनाएं ठप हो गयी हैं। प्रखंड में बीपीओ समेत 21 कर्मी हैं।

### प्रभावित है कामकाज

मजदूरों को काम नहीं मिलने से उनके बीच भुखमरी की समस्या खड़ी हो गयी है। वेंडर को निर्माण योजना में प्रयुक्त सामग्री का भुगतान नहीं हो पा रहा है। सिंचाई कूप के धंसने की आशंका है। अबुआ आवास के मजदूरों का मजदूरी पर इसका असर पड़ेगा। बागवानी पर हड़ताल का प्रतिकूल असर दिखने लगा है। मजदूरों को नये जॉब कार्ड बनाने में भी परेशानी हो रही है।

### प्रखंड-अंचल कर्मी भी हड़ताल पर गये

**रातू।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय) जिला इकाई ने अपनी 9 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल में चले गये। इसमें प्रखंड और अंचल कार्यालय के लिपिक, अनुसेवक व कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इससे कार्यालय कार्य पूरी तरह चरमरा गया है।

## जिप सदस्य ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

**राहे।** जिप सदस्य बादल महतो ने सोमवार को प्रखंड के दुलमी गांव मे भोला कोईरी के घर से दुलमी चौक तक 15 वें वित्त आयोग योजना मद से 400 फीट नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य बादल महतो ने कहा कि आज विकास की पहली कड़ी की शुरूआत हुई है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बिजली,शिक्षा,पानी,सड़क आदि को आने वाले दिनों में समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा की छोटी बड़ी विकास कार्यों का निर्माण करवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर नवाडीह मुखिया श्याम कुमार मुंडा मौजूद थे।

## धूमधाम से निकली साईं पालकी शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** साईं मंदिर समिति ने गुलजारबाग साई नगर में गुरू पुर्णिमा एवं साईं बाबा के जन्मोत्सव पर साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी तथा विशिष्ट अतिथि रामसूरत यादव और दिलीप गंझू उपस्थित थे। साईं महोत्सव की षुरूआत में खलारी कोयलांचल की खुशहाली और सुख, स्मृद्धि षांति के लिए पुरोहित डॉ. विश्वजीत घोषाल के साथ सेवादार कुलदीप लोहरा एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी ने साईं पूजन किया। साथ ही गुरु पूर्णिमा पर सभी गुरुओं का भी पूजन किया गया। वहीं उपस्थित साईं भक्तों के बीच हलुवा और खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद साईं भक्तों द्वारा साईं पालकी शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि साई नगर से शुरू होकर गुलजारबाग, सीमेंट कॉलोनी, केडी बाजार, अंबेडकर चौक होते हुए चदरा धौड़ा से षहीद चौक से अन्य जगहों पर होते हुए पुनः साईं नगर में आकर समाप्त हुआ। इस दौरान महिला पुरुषों साई भक्तों ने साई बाबा का जयकारा लगाया और नाच गान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामसूरत यादव, रौशन लाल, दिलीप गंझू, अनिल पासवान, दिलीप पासवान, संजय सिंह, आरती देवी, संजू देवी, शिबू तुरी, राजू साव, सोनी देवी, षंकर लोहरा, संदीप लोहरा, भोला राम, गुंजा देवी, चंदा देवी, धनमंती देवी, फमनी देवी सहित काफी संख्या में साईं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ओरमांझी में खुला असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण केंद्र

## युवाओं को अवसर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आर्ट आफ लिविंग द्वारा आरटीसी कालेज ओरमांझी में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेनिंग सेंटर खोला गया। उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने किया और कहा श्रीश्री रविशंकर की आर्ट ऑफ लिविंग एक अध्यत्मिक संस्था है। बावजूद समाजिक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। यह प्रषिक्षण सेंटर से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर व एक सक्षम और आत्मनिर्भर नागरिक बनने में भी मदद करेगी। यह युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं आर्ट आफ लिविंग के प्रजेक्ट हेड प्रवीण कुमार ने कालेज में भवन उपलब्ध कराने पर अभार जताया और कहा सभी युवाओ को निषुल्क प्रशिक्षण दी जाएगी। तीन माह के प्रषिक्षण में मोटर रिपेरिंग, वायरिंग, विभिन्न इलेक्ट्रिकल कार्यों का प्रशिक्षण दी जााएगी। इससे युवाओं को कौशल विकास से साथ रोजगार प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान होगी। यह ट्रेनिंग सेंटर में विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को विद्युत संबंधित विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे व्यावसायिक रूप से सशक्त बन सकें। वहीं कॉलेज के निदेषक डा. पारसनाथ महतो, प्रचार्य बज्रकिषोर नीरज, रामकुमार महतो व रणधीर चैधरी द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग की सरहाना की गई। आर्ट ऑफ लिविंग के सोनाराम महतो, नीरज नायक, शांकर महतो, मुखिया दीपक बड़ाइक, बिरेंद्र मुंडा, दीनदयाल लोहरा संगीता झा, चांदनी कुमारी, सरोज कुमारी, कृष्णा महतो, निखिल कुमार मौजूद थे।



प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व अन्य।

## साड़म गांव में तालाब से मां-बेटी का शव बरामद

**बुढ़मू।** सोमवार सुबह में बुढ़मू पुलिस ने साड़म गांव में तालाब से साड़म निवासी डबलू यादव की पत्नी संगीता देवी (25 वर्ष) और बेटी अनुष्का कुमारी (3 तीन) का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह में साड़म के ग्रामीणों ने मृतका के परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दिया कि आपकी बेटी और नातिन का शव साड़म तालाब में है। इसके बाद परिजनों से सूचना मिलने पर बुढ़मू पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। छानबीन के दौरान पता चला कि मृतका के गले, आंख और चेहरे में चोट का निशान है। इसके बाद पुलिस ने मृतका के पति डबलू यादव को हिरासत में ले लिया है।

एक नजर में

## रातू : तिगरा नदी टोली में पौधरोपण



**कर्तव्य पथ संस्था ने पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प**

**रातू।** प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन प्रमुख और कर्तव्य पथ संस्था के संस्थापक मृत्युंजय शर्मा तथा लायंस क्लब के पदधारियों की ओर से पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया है। सोमवार को प्रखंड के तिगरा नदी टोली में पौधरोपण किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत एक अद्भुत पहल है, जो पर्यावरण संरक्षण और मां के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का एक सार्थक तरीका है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों से पेड़ की उपयोगिता पर भी चर्चा की। इससे लोग उत्साहित नजर आये। अभिषेक मिश्रा ने भी अपनी बातें रखी। मौके क्लब के सीमा बाजपेयी, बीजेन्द्र शर्मा, अभिषेक कुमार, उत्कर्ष व अनिमा शर्मा समेत बड़ी संख्या में महिला व बच्चे मौजूद थे। इससे पूर्व ग्रामीणों के बीच पौधे का वितरण किया गया।

## बाघवार एकेडमी के 8वीं से 12वीं के विद्यार्थियों का कैरियर काउंसलिंग

**चान्हो।** बाघवार एकेडमी में सोमवार को कक्षा 8 से 12वीं तक के चयनित बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। मौके पर आरके मिशन देवघर विद्यापीठ से शिक्षा प्राप्त कर एनटीपीसी से डीजीएम के पद से सेवानिवृत्त संजीव रंजन सिन्हा, रामकृष्ण सेवा आश्रम के आचार्य एवं संस्थापक स्वामी सुशील आनंदजी महाराज उपस्थित हुए। इन दोनों विशिष्ट व्यक्तियों ने अपने कार्य अनुभव को बच्चों के साथ साझा किया । स्वामी सुशिल आनंदजी के द्वारा कृषि के क्षेत्र में असीम संभावनाओं को बच्चों के बीच रखा गया। संजीव सिन्हाजी के द्वारा अपने कैरियर के चुनाव में किन बिंदुओं को ध्यान में रखा जाए, इस पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर संजीव सिन्हा के द्वारा विद्यालय प्रबंधन को स्वामी विवेकानंद की स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा सुशील आनंद जी को एक लैपटॉपबैग एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दोनों अतिथियों को मेमंटो देकर स्वागत किया गया। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने अपने संबोधन में अतिथियों के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की सलाह दी । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय उरांव ने किया। इसमें शिक्षक हरे कृष्णा सिंह, शिक्षिका संगीता एक्का और विकास गुप्ता का योगदान सराहनीय रहा।

## 4000 फीट ऊंचे पहाड़ पर गुफा में हैं भोले बाबा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के गगारी पहाड़ में 4000 फीट स्थित बाबा भोलेनाथ धाम में जलाभिषेक करने को आसपास क्षेत्र की महिला भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। बाजेगाजे के साथ गगारी पहाड़ से निकली कलश यात्रा हेसातु नदी जलाशय से कलश में जलभर कर भक्तों ने 4000 फीट स्थित भोलेनाथ की जलाभिषेक किया। इस दौरान कलष यात्रा में शामिल भक्तगण बोल-बम की जयघोष कर रहे थें। कलष यात्रा में शामिल मुख्य अतिथि केन्द्रीय बेदिया विकास परिषद के उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया ने कहा गगारी पहाड़ की चोटी पर चट्टान की गुफा में स्थित भगवान शिव की जलाभिषेक व दर्शन से भाक्ति की विशेष अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित इस स्थल की विकास का निदांत आवष्यकता है। इससे दूर दराज से भक्तगण भोलनाथ की दर्शन व पूजा को पहुंचेंगे। इससे रोजगार का सृजन हो सकता है। मुख्य संरक्षक मुखिया धनराज बेदिया, संरक्षक साधो उरांव, शिवटहल नायक गोवर्धन बेदिया, लालू बेदिया, लक्ष्मण उरांव, संजय उरांव, लक्ष्मण गंजू अध्यक्ष धनेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष विशेषवर महतो, राजेंद्र बेदिया, मनरखन बेदिया, कोषाध्यक्ष राहुल महतो, सचिव दिगेश बेदिया, मदन बेदिया, दिगेश बेदिया, बृजलाल बेदिया सहित काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे।



शिव के जलाभिषेक को कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## हाथियों के झुंड ने ढाह दिये घर

**राहे।** प्रखंड के लोवाहातू गांव में रविवार रात जंगली हाथियों का झुंड ने गांव में घुस कर काफी नुकसान किया है। गांव के भरत महतो के घर को हाथियों ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। रात को भरत महतो का पत्नी और बेटा घर मे सोये हुये थे। हाथियों के हमले पर ये काफी घबरा गये थे। किसी तरह अपने को सुरक्षित किये। घर ध्वस्त होने से भरत महतो का एक लाख तक का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की सूचना वन विभाग को दिया गया हैं। वन विभाग ने मुआवजा देने का आश्वस्त किया है। हाथियों का झुंड बांस वन, रानिकोंचा ओर मोदियाकोंचा के जंगल में एक सप्ताह से डेरा डाले हुए है। ग्रामीणों ने हाथियों से फसल ओर गांव की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## इटकी के 107 किसानों के बीच बीज का वितरण




**इटकी।** प्रखंड परिसर में सोमवार को कृषि विभाग द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत संकुल प्रत्यक्षण के लिये इटकी प्रखंड के चयनित 107 किसानों के बीच मूंगफली, मक्का और उरद बीज वितरण किया गया। प्रखंड के गढ़गांव व रानिखटंगा पंचायत के 20 किसानों के बीच प्रति किसान 30 केजी मूंगफली बीज वितरण किया गया। जबकि मल्टी पंचायत के 45 किसानों को 8 केजी के हिसाब मक्का बीज व चिनारों पुरियों पंचायत के 42 किसानों को 8 केजी प्रति किसान के हिसाब से उरद बीज दिया गया। इधर इटकी प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को कल्याण विभाग द्वारा प्रखंड के पांच स्कूलों के 109 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, उप प्रमुख परवेज आलम, कल्याण पदाधिकारी रोशन सुधाकर कुजूर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया रीता देवी शामिल थे।

# खूनी संघर्ष में तब्दील हो रहा अवैध बालू का धंधा

## छापर बालू घाट में पैसे की उगाही को लेकर उग्रवादी-अपराधी संगठनों में बन रही संघर्ष की स्थिति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** अवैध बालू का काला कारोबार दिन ब दिन खूनी होता जा रहा है। बुढ़मू के छापर बालू घाट में पैसे की उगाही को लेकर आये दिन उग्रवादी अपराधी संगठनों के बीच खूनी खेल से बुढ़मू की धरती लाल होने के कगार पर है। वहीं दशकों तक उग्रवाद का दंश झेल चुके प्रखंड और महज कुछ वर्षों की शांति के बीच एक बार पुनः उग्रवादी गुट आमने सामने हैं, जिससे खूनी संघर्ष की आशंका बलवती होती जा रही है। अगर इसपर अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

### क्या है मामला

पिछले लगभग डेढ़ दशक से क्षेत्र में उग्रवादी संगठन टीपीसी का एकाधिकार था लेकिन संगठन के कमजोर पड़ते ही जेजेएमपी ने क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराने लगी।बुढ़मू क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों की सक्रियता का मूल कारण बालू घाट से प्रतिदिन लाखों की वसूली है।अभी पिछले सप्ताह ही उग्रवादी संगठन जेजेएमपी द्वारा पैसे वसूली को लेकर बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जला दिया गया था। बालू में चलने वाले सैकड़ों ट्रैक्टरों से टीपीसी द्वारा प्रति ट्रैकटर 300 रुपये वसूली किया जाता है जबकि जेजेएमपी प्रति ट्रैकटर 400 रु का डिमांड कर रहा था। इसी विवाद को लेकर कई दिनों तक बालू परिचालन बंद भी रहा था।रविवार रात बालू घाट में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी द्वारा पैसा वसूली किया जा रहा था इसकी सूचना पर टीपीसी का दस्ता वहां पहुंचकर जेजेएमपी उग्रवादियों से मारपीट करते हुए रायफल लूट लिया और चलते बने। कुछ देर बाद जेजेएमपी का सशस्त्र दस्त पुनः वहां पहुंचा और टीपीसी केलिये पैसा वसूलने वालों की जमकर पिटाई कर दिया जिसमें चार लोगों के हाथ पैर टूटने की सूचना है।समाचार लिखे जाने तक प्रशासन द्वारा घटना की पुष्टि नहीं किया गया था परंतु घटना के बाद से छापर बालू घाट में दहशत का माहौल है वहीं क्षेत्र में पुनः उग्रवाद की धमक से क्षेत्र की जनता सशंकित हैं।

### टीपीसी-जेजेएमपी आमने सामने

रविवार रात्रि भी छापर बालूघाट में उग्रवादी संगठन टीपीसी और जेजेएमपी के बीच मुठभेड़ में चार लोगों के घायल होने की सूचना है हालांकि प्रशासनिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गयी है लेकिन सूत्रों की माने तो घटना के बाद छापर घाट में भगदड़ का माहौल था।

